प्रकृति संरक्षण ही जीवन है

प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पर्यावरण व मानवता दोनों के लिए ही खतरनाक है। जब भी मानव ने प्रकृति के नियमों को बदलने की कोशिश की तभी वह मानव जाति के लिए घातक साबित हुआ है। इन घातक परिणामों से लोगों को सचेत करने के लिए होटल ताज में जलवायु परिवर्तन पर प्रदर्शनी का आयोजन किया है। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप टेरी के महानिदेशक डॉ. आरके पचौरी व फिल्म एक्टर दीया मिंजा शामिल हुए। डॉ. आरके पचौरी ने जलवायु परिवर्तन पर कई महत्वपूर्ण बातों से लोगों को रू-ब-रू कराया। अन्य वक्ताओं ने भी पर्यावरण से संबंधित बातें लोगों के सामने रखी और पर्यावरण के प्रति सजगता और संजीदा होने पर बल दिया।